अमर उजाला 29/10/2025

# साइंस क्विज में गवर्नमेंट कॉलेज बरवाला प्रथम



जीएमएन कॉलेज में प्रतियोगिता में मौजूद विजेता प्रतिभागी व गणमान्य। प्रवक्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को जोनल स्तर की साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में आयोजित की गई। इसमें उत्तरी हरियाणा के पांच जिलों से 25 टीमों ने पंजीकरण कराया। विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान, तर्कशक्ति व तत्परता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गवर्नमेंट कॉलेज बरवाला, दूसरा स्थान गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट और तीसरा स्थान गवर्नमेंट कॉलेज छछरौली ने हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ. राहुल तनेजा और प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रशंसापत्र प्रदान किए। संवाद